प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 14.05.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार वाराणसी लोकसभा सीट से आज नामांकन किया दाखिल।
2. लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए नामांकन भरने की प्रक्रिया आज हुई समाप्त : 17 मई तक वापस लिये जायेंगे नाम, एक जून को होगा मतदान।
3. लोकसभा चुनाव के लिये शेष चरणों के लिये चुनाव प्रचार हुआ तेज : अमेठी में जेपी नड्डा और प्रियंका गांधी, महराजगंज में मल्लिकार्जुन खड़गे, झांसी में मायावती, राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने जनसभाओं को किया संबोधित।

और

4. हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर में दिल्ली–लखनऊ हाईवे पर कार अनियंत्रित होकर ट्रक से टकराई : हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत, एक घायल।

——————

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिये प्रदेश की 13 सीटों पर नामांकन भरने की प्रक्रिया आज समाप्त हो गई। नामांकन के आखिरी दिन भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने

वाराणसी निर्वाचन क्षेत्र से लगातार तीसरी बार नामांकन भरा। श्री मोदी के चार प्रस्तावकों में पंडित गणेश्वर शास्त्री, बैजनाथ पटेल, लालचंद कुशवाह और संजय सोनकर शामिल रह। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट........

*सफेद कुर्ता–पायजामा और नीली सदरी पहने पीएम मोदी अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए जब कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे तो वहां पर घटक दलों के नेताओं के साथ–साथ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गृह मंत्री अमित शाह भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौज़ूद थे। नामांकन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में बीजेपी कार्यकर्ताओं समेत बनारस के प्रबुद्ध वर्ग के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पोलिंग बूथ लोकतंत्र का मंदिर है. मतदान का दिन उत्सव का दिन बनाना है. 10 बजे के पहले दिया जला कर, थाली बजा कर, घंटी बजा कर, भारत माता की जय बोलते हुए लोगों को मतदान केंद्र तक लाएं. कल श्रीनगर का मतदान लोकतंत्र की जीत है. अगर वहां ऐसा है तो देश का मतदान 100 प्रतिशत होना चाहिए. पीएम मोदी ने वाराणसी लोकसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल करने से पहले मंगलवार को सुबह गंगा नदी के तट पर दशाश्वमेध घाट पर गंगा की पूजा की और आरती उतारी तत्पश्चात काल भैरव मंदिर में दर्शन पूजन किया। वाराणसी से आकाशवाणी समाचार के लिये मनीष सिंह।*

वाराणसी से इंडी गठबंधन से कांग्रेस के अजय राय, श्री मोदी के विरूद्ध चुनाव लड रहे हैं। यूपी कांग्रेस प्रमुख अजय राय को कांग्रेस ने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में वाराणसी से मोदी के खिलाफ मैदान में उतारा था, लेकिन वह दोनों बार तीसरे स्थान पर रहे थे। 2019 के चुनाव में श्री मोदी ने समाजवादी पार्टी की शालिनी यादव को साढ़े चार लाख से ज्यादा वोटों से हराया था।

नामांकन के आखिरी दिन महराजगंज संसदीय सीट पर इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र चौधरी ने नामांकन दाखिल किया। वहीं घोसी लोकसभा क्षेत्र से आज सात और चंदौली सीट से छह प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये। इस चरण के लिये कल तक 183 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। इस चरण के लिए 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नामांकन वापसी की आखिरी तिथि 17 मई है। इस चरण में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, और राबर्ट्सगंज लोकसभा क्षेत्रों के लिए एक जून को मतदान होगा।

—————————

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों पर 20 मई को मतदान होना है। इसमें कभी कांग्रेस का गढ़ मानी जाने वाली अमेठी की अहम सीट भी शामिल है। भाजपा ने 2019 में राहुल गांधी को हराने वाली केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को तीसरी बार यहां से प्रत्याशी बनाया है, वहीं राहुल गांधी के रायबरेली जाने के बाद कांग्रेस ने गांधी परिवार के करीबी के एल शर्मा को चुनावी मैदान में उतारा है। बसपा ने नन्हे सिंह को उम्मीदवार बनाया है। इनके अलावा दस अन्य प्रत्याशी भी चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं।

*संजय गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी, सोनिया गांधी और राहुल गांधी जैसे कांग्रेस नेताओं को संसद पहुंचाने वाली अमेठी सीट से इस बार कांग्रेस ने अपने करीबी के एल शर्मा को चुनावी मैदान में उतारा है। के एल शर्मा राजीव गांधी के करीबी थे और सोनिया गांधी के सांसद बनने के बाद से अब तक अमेठी और रायबरेली सीटों पर जमीनी काम कराने का जिम्मा के एल शर्मा ही उठाते रहे हैं। यही वजह है कि स्थानीय कार्यकर्ताओं और लोगों के बीच उनकी अच्छी पकड़ है। लेकिन के एल शर्मा के लिए कांग्रेस के पुराने गढ़ को वापस जीतना आसान नहीं होगा क्योंकि उनका मुकाबला भाजपा की स्मृति ईरानी से होगा। स्मृति ईरानी ने 2019 के चुनाव में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को इस सीट पर हराया था। इस संसदीय क्षेत्र के 14 लाख 28 हजार 316 मतदाता 20 मई को 13 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। रजनीश कुमार सिंह, आकाशवाणी समाचार, अमेठी।*

——————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह ब्लेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————

लोकसभा चुनाव के शेष तीन चरणों के लिए प्रदेश में चुनाव प्रचार जोरों पर है। विभिन्न दलों के वरिष्ठ नेता

अपनी पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में सार्वजनिक बैठकें और रोड शो कर रहे हैं। इसी क्रम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज झांसी में इंडिया गठबंधन की संयुक्त जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में राहुल गांधी ने कहा कि स्मार्ट सिटी के नाम पर शहरों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। भाजपा डिफेंस कॉरिडोर और योजनाओं की बात करके केवल लोगों का ध्यान भटकाती है। राहुल गांधी ने कहा यह चुनाव संविधान बचाने का है। जनसभा में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने किसानों की आय दोगुना करने का झूठा वादा किया, आज महंगाई से किसान और आम आदमी परेशान ह।

झांसी में ही आज बसपा प्रमुख मायावतो ने जनसभा में कहा कि भाजपा ने अच्छे दिन का जो झूठा सपना दिखाया था, जनता उसमें इस बार नहीं फंसने वाली है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और कांग्रेस पूंजीपतियों से चंदा लेती है, लेकिन बसपा लोगों के सहयोग से चलती है।

जालौन में अखिलेश यादव ने जनसभा में कहा कि अग्निवीर योजना युवाओं के साथ धोखा है। 4 जून के बाद इंडी गठबंधन की सरकार बनने पर इस योजना को खत्म कर दिया जाएगा।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आज महराजगंज और गोरखपुर में गठबंधन प्रत्याशियों के समर्थन

में जनसभा को संबोधित किया। श्री खरगे ने कहा कि पिछले दस वर्षों में महंगाई चरम पर है। रोजगार के अवसर खत्म हो गए हैं और देश की अर्थव्यवस्था चौपट हो गई  है। गरीब, और गरीब होता जा रहा है लेकिन भाजपा को इसकी कोई चिंता नहीं है। वह सिर्फ झूठ जुमलों के सहारे देश को गुमराह करने में लगी हुई है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अमेठी में पार्टी प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। श्री नड्डा ने कहा कि 10 वर्ष पहले भारत की राजनीति की परिभाषा तुष्टीकरण, वोट बंक, जातिवाद और क्षेत्रवाद की थी, लेकिन आज भारत की राजनीति विकासवाद की राजनीति हो चुकी है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज लखनऊ में बौद्धिक वर्ग सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने राजनीति में विश्वसनीयता के संकट को खत्म किया है। भाजपा ने जो भी वादे किये उन्हें पूरा करने का काम किया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अमेठी और बाराबंकी में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षो में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बिना चेहरा और जाति देखे सबको विकास की योजनाओं से लाभान्वित किया गया है।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आज अमेठी में गठबंधन प्रत्याशी कांग्रेस के किशोरी लाल शर्मा के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा पर जनता से झूठे वादे करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों और युवाओं के साथ धोखा किया है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे ने आज लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र में विकास कार्य नहीं कराये हैं। उन्होंने वाराणसी की जनता से जो वादा किया था, उसे पूरा नहीं किया है।

---

हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र में दिल्ली–लखनऊ हाईवे पर कल देर रात एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद सामने से आ रहे ट्रक से लड़ गई। इस हादसे में कार सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट की है। साथ ही अधिकारियों को पीड़ित परिजनों की हर सहायता करने के निर्देश दिए हैं।

---

अमरोहा के गांव सादपुर की रहने वाली दीक्षा ने अमेरिका के लॉस एंजिल्स में आयोजित साउंड रनिंग ट्रैक

फेस्ट में 1500 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीत कर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया ह। दीक्षा रेलवे में वरिष्ठ सहायक के पद पर सेवारत हैं और कई राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर चुकी है।

——————————

उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह ने आज अयोध्या पहुंच कर श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन किये। राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि यह बहुत ही सौभाग्य का क्षण है कि आज अयोध्या में रामलला के दर्शन कर आशीर्वाद लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। 500 वर्षों के इंतजार के बाद रामलला का मंदिर बना है, यह हम सभी के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है।

(समाप्त)